सुविचार

अगर जिंदगी को कामयाब बनाना तो याद रखें
पांव भले ही फिसल जाए पर जुबान को कभी मत फिसलने देना।

# अंतर्कथा

खबरों की विश्वसनीयता हमारी पहचान...






# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति को लेकर उच्च अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

अंतर्कथा प्रतिनिधि



नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति को लेकर उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. राज्य में आतंकी हमलों के बाद हुई बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए. इस दौरान पीएम मोदी को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति और आतंकवाद विरोधी अभियानों के बारे में जानकारी दी गई. पीएम मोदी ने बैठक में आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. साथ ही पीएम मोदी ने आतंकी हमलों को लेकर गृह मंत्री अमित शाह और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से बात की और घाटी में सुरक्षा बलों की तैनाती और एक्शन प्लान को लेकर जानकारी ली. उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पीएम मोदी को जम्मू-कश्मीर की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी है और स्थानीय प्रशासन के प्रयासों के बारे में भी बताया. बीते 4 दिनों में जम्मू-कश्मीर के रियासी, कुठआ और डोडा जिलों में चार आतंकी हमले हुए हैं. इन आतंकी हमलों में एक सीआरपीएफ जवान समेत 10 लोगों की मौत हुई है. साथ ही कई सुरक्षा कर्मी और अन्य लोग घायल हुए हैं. 9 जून को रियासी में आतंकियों ने श्रद्धालुओं की बस को निशाना बनाया था, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी.जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में हुए आतंकी हमलों के बाद चार आतंकियों के स्केच जारी किए हैं. पुलिस ने इन आतंकियों के बारे में ठोस जानकारी देने पर 20 लाख रुपये का इनाम देने की भी घोषणा की है.

## बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कृषक को किसान क्रेडिट कार्ड देने में बरती जा रही लापरवाही पर जताया असंतोष, की बैठक

अंतर्कथा ब्यूरो



पटना: राज्य में किसानों को केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) देने में अभी तक की प्रगति संतोषजनक नहीं है। किसान बहुत उम्मीद के साथ ऋण के लिए बैंकों में आवेदन करते हैं और बिना उचित कारण के उसे अस्वीकृत कर दिया जाता है। यह स्थिति अशोभनीय है।

लोकसभा चुनाव हाल ही में खत्म हुआ है। देश में अब सरकार भी बन गई है। इस बीच बिहार सरकार में मंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता मंगल पांडेय अचानक खफा हो गए। उन्होंने एक समस्या को लेकर नाराजगी भी जताई। अपनी समस्या को लेकर उनहोंने एक बैठक भी बुलाई। इसके साथ अधिकारियों को किसानों की मदद के लिए एक आदेश भी दे दिया है।

कृषि मंत्री मंगल पांडे ने गुरुवार को मीठापुर स्थित कृषि भवन सभागार में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की कृषि एवं उससे संबद्ध विषयों की उप समिति की बैठक में कही। कृषि मंत्री ने बैठक में आवेदन पत्र का प्रारूप हिंदी में एवं सरल बनाने की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया।

उन्होंने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आवेदक किसान को आवेदन करने में कोई कठिनाई नहीं हो। इसके साथ ही, बैंक भी अपने स्तर से आवेदन भरने में किसानों की मदद करें।

## अजीत डोभाल तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बने, 2014 से संभाल रहे हैं जिम्मेदारी

अंतर्कथा प्रतिनिधि



नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अजीत डोभाल को एक बार फिर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) बनाया है. वह तीसरी बार यह जिम्मेदारी संभालेंगे. वहीं, कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने फिर से आईएएस अधिकारी (रिटायर्ड) पीके मिश्रा को प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दी है. उनकी नियुक्ति 10 जून 2024 से प्रभावी होगी और प्रधानमंत्री के कार्यकाल या अगले आदेश तक रहेगी. मिश्रा को अपने कार्यकाल के दौरान कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त रहेगा. इसके अलावा अमित खरे और तरुण कपूर को पीएमओ में प्रधानमंत्री के सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है.

1968 बैच के आईपीएस अधिकारी डोभाल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश की सत्ता संभालने के बाद से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की जिम्मेदारी निभा रहे हैं. वह पीएम मोदी के सबसे विश्वासपात्र अधिकारी माने जाते हैं. डोभाल को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला हुआ है.

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में अजीत डोभाल का दूसरा कार्यकाल 3 जून को पूरा हो गया था. इसके बाद चर्चा शुरू हो गई थी कि क्या देश को इस बाद नया एनएसए मिलेगा, लेकिन कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने एक बार फिर डोभाल के नाम पर मुहर लगाई. सूत्रों का कहना था कि डोभाल इस बार एनएसए बनने को लेकर इच्छुक नहीं थे. उन्होंने इस संबंध में पीएम मोदी को भी अवगत करा दिया था.

# जानिए लोकसभा चुनाव में संताल से राज्य सरकार में चार मंत्री में से इंडी गठबंधन को वोट दिलाने में कौन रहा सफल कौन हुआ विफल..?



लोकसभा चुनाव में झारखंड झारखंड के संथाल परगना में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। इंडी गठबंधन के घटक दल इस उपलब्धि से बहुत खुश हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में इसे सकारात्मक पक्ष मान रहे हैं।

संथाल क्षेत्र एनडीए और इंडिया दोनों ही गठबंधन के लिए बहुत ही मायने रखता है। लेकिन लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने बाजी मार ली। तीन लोकसभा सीटों में से ये मुकाबला 2-1 का रहा। चुनाव में इंडिया गठबंधन के जीत दिलाने का दारोमदार झारखंड सरकार के मंत्रियों पर अधिक था। इसमें कौन मंत्री सफल रहे और कौन विफल आइए इसका आकलन करते हैं।

झारखंड में संथाल परगना का बहुत महत्व है।झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो से लेकर अभी हेमन्त सोरेन तक संताल से चुनकर आते रहे ।अभी राज्य में कुल 11 मंत्री में तीन संताल से ही है। इससे पहले भी जब हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री थे, तब भी सीएम समेत तीन मंत्री इसी क्षेत्र से थे। जबकि राज्य में कुल पांच प्रमंडल हैं।

गौरतलब हो कि लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड सरकार में संथाल से चार मंत्री थे।इनमें पाकुड़ के विधायक आलमगीर आलम, दुमका के विधायक बसंत सोरेन, जरमुंडी के विधायक बादल पत्रलेख और मधुपुर के विधायक हफीजुल हसन शामिल हैं। लेकिन अब चुंकि आलमगीर आलम ने इस्तीफा दे दिया है। इसलिए यह आंकड़ा अब तीन हो गया है।

आम तौर पर मंत्रियों का काम पूरे राज्य में विकास और काम करना होता है। लेकिन चुनाव के दौरान यह उम्मीद की जाती है कि उनकी अपने क्षेत्र में अच्छी पकड़ हो और उनके दल या गठबंधन के उम्मीदवार चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करें। ऐसे में उनके क्षेत्र से उनके प्रत्याशी को कितने वोट मिलते हैं, इससे क्षेत्र में उनके प्रभाव का भी पता चलता है। संथाल की तीन सीटों पर मंत्रियों का प्रदर्शनराजमहल लोकसभा सीटराजमहल सीट से जेएमएम प्रत्याशी विजय हांसदा चुनाव मैदान में थे।

उन्होंने इस चुनाव में 1,53,000 वोटों से जीत दर्ज की. पाकुड़ विधानसभा राजमहल लोकसभा सीट में आता है, यहां से आलमगीर आलम विधायक है, जो चुनाव के समय सरकार में मंत्री भी थे। पाकुड़ से विजय हांसदा को करीब 79,000 वोटों की बढ़त मिली।इस तरह आलमगीर आलम का भी प्रदर्शन सराहनीय माना जा रहा है.दुमका लोकसभा सीट पर।

दुमका लोकसभा सीट से एनडीए की ओर से जहां सीता सोरेन चुनाव मैदान में थी। वहीं झामुमो की ओर से नलिन सोरेन चुनाव लड़ रहे थे, इसमें नलिन सोरेन ने बाजी मारते हुए 27 हजार वोटों से जीत दर्ज की। दुमका विधानसभा से हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेन विधायक हैं और झारखंड सरकार में मंत्री भी हैं। लेकिन अपने क्षेत्र से वे नलिन सोरेन को बढ़त नहीं दिला पाए. दुमका विधानसभा से सीता सोरेन करीब 10433 वोटों से आगे रहीं.गोड्डा लोकसभा सीटगोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा के निशिकांत दुबे का मुकाबला कांग्रेस के प्रदीप यादव से था। इस क्षेत्र से झारखंड सरकार के दो मंत्री आते हैं। बादल पत्रलेख और हफीजुल हसन. बावजूद इसके निशिकांत दुबे को करीब एक लाख वोटों से जीत मिली। बादल पत्रलेख के इलाके जरमुंडी में निशिकांत दुबे का ज्यादा फायदा मिला. यहां से वे करीब 45 हजार वोटों से आगे रहे। हालांकि हफीजुल हसन के क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी को बढ़त जरूर मिली. यहां से प्रदीप यादव करीब 9000 वोटों से बढ़त बनाने में कामयाब रहे।

इस तरह अगर लोकसभा चुनाव में संथाल के मंत्रियों के प्रदर्शन की बात करें तो आलमगीर आलम और हफीजुल हसन का प्रदर्शन अच्छा रहा। वे अपने प्रत्याशी को वोट दिलाने में कामयाब रहे। लेकिन बादल पत्रलेख और बसंत सोरेन का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। दोनों के क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आगे रहे। वहीं उनके प्रत्याशी पिछड़ गए। अल्पसंख्यक मंत्री आलमगीर के जेल में रहने के बावजूद एक विधानसभा में 79 हजार की बढ़त सराहनीय है, हफीजुल ने भी अपनी इज्जत बचा ली, लेकिन बादल पत्रलेख के क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को 45 हजार की बढ़त उनके खुद के भविष्य पर सवाल खड़ा करती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अन्नू कपूर की फिल्म 'हमारे बारह' की 14 जून को रिलीज पर रोक लगा दी, कहा- ट्रेलर में है आपत्तिजनक डायलॉग्स

अंतर्कथा प्रतिनिधि

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अन्नू कपूर की फिल्म 'हमारे बारह' की 14 जून को रिलीज पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने उन आरोपों पर संज्ञान लिया कि फिल्म इस्लामी आस्था और विवाहित मुस्लिम महिलाओं के लिए अपमानजनक है।






जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता अजहर बाशा तंबोली की ओर से पेश अधिवक्ता फौजिया शकील की दलीलों पर संज्ञान लिया और बांबे हाई कोर्ट से याचिका पर जल्द से जल्द फैसला करने को कहा।

### फिल्म की स्क्रीनिंग पर भी तब तक रहेगी रोक

पीठ ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाते हुए कहा कि हमने सुबह फिल्म का ट्रेलर देखा है और सभी आपत्तिजनक संवाद ट्रेलर में बरकरार हैं। शीर्ष अदालत ने बांबे हाई कोर्ट में याचिका का निपटारा होने तक फिल्म की स्क्रीनिंग पर रोक लगा दी। शकील ने कहा कि हाई कोर्ट ने अनुचित आदेश के जरिये फिल्म पर लगी रोक हटा दी।

### कर्नाटक में लगा है प्रतिबंध

उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड को समिति गठित करने का निर्देश नहीं दे सकता था क्योंकि बोर्ड भी मुकदमे में एक पक्ष था। शीर्ष अदालत ने कहा कि पक्षकारों को अपनी सभी आपत्तियां हाई कोर्ट के समक्ष उठाने की छूट है उल्लेखनीय है कि इस फिल्म को कर्नाटक में पहले ही प्रतिबंधित किया जा चुका है।

## यमुना सहाय की पूण्यतिथि मनाई गई




अंतर्कथा प्रतिनिधि

कतरास : सीटू नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा ने बताया कि कतरास क्षेत्र में यूनियन बनाने में यमुना सहाय का बहुत बड़ा योगदान है।जिसे हमलोग नहीं भूल सकते हैं।शिक्षक के रूप में राजनीतिक कार्यशाला चला कर कार्यकर्ताओं को शिक्षित करते थे यमुना सहाय। यमुना सहाय ने मजदूर आंदोलन को योजनाबद्ध तरीके से गति दिया और आंदोलन को सफल कराया।

कॅा.यमुना सहाय चेहरा बदल -बदल कर माफिया और मालिक के असमाजिक गिरोहों के लोगों को चकमा देकर मजदूरो को संगठित कर संघर्ष चलाया करते थे।

गरीब और मजदूर वर्ग को हक और अधिकार दिलाने में यमुना सहाय का योगदान को सदैव याद किया जाएगा।

बैठक को रामबली भुइंया, साजन महतो, रेखा देवी, अशोक बाउरी, हरीश बाउरी, प्रदीप महतो, मिथुन कुम्हार, अमर बाउरी सहित दर्जनों लोग ने सम्बोधित किया।

## इलेक्ट्रिक पोल में एक बाइक की टक्कर हो जाने से दो युवकों की मौत, दो घायल

### सिमूलदान गांव के एक ही परिवार के थे चारों युवक

अंतर्कथा प्रतिनिधि



कालूबाथान : निरसा के कलियसोल सब स्टेशन के समीप इलेक्ट्रिक पोल में एक बाइक की टक्कर हो जाने से दो युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई । वही घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए । बताया जाता है कि एक बाइक में चार युवक सवार थे। चारों युवक एक ही परिवार के सिमूलदान गांव के रहने वाले हैं। घायल तापस मंडल, विशाल मंडल को धनबाद एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेजा गया है। वही घटनास्थल पर ही विवेक मंडल रोहित मंडल की मौत हो गई । समाचार लिखे जाने तक मुआवजा के लिए परिजन व ग्रामीण पंचेत रोड़ से बलियापूर रोड़ को ग्रामीणों ने जाम किए हुए हैं। सूचना पाकर पूर्व विधायक अरुप चटर्जी व अशोक मंडल पहुंचे । कालूबाथान पुलिस भी सड़क जाम हटाने को लगातार प्रयासरत है ।

## पोटका में सीओ ने किया अवैध बालू लदा हाइवा जब्त

अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमशेदपुर : पोटका अंचलाधिकारी निकिता बाला ने गुरुवार की सुबह करीब छह बजे कोवाली थाना क्षेत्र के बानाकाटा रोड में औचक छापामारी की. इस दौरान उन्होंने अवैध बालू लदा एक हाइवा को पकड़ा. हाइवा चालक के पास चालान नहीं था. वह वहां से फरार हो गया. अंचल अधिकारी निकिता बाला ने बताया कि अवैध रूप से हाइवा से बालू की ढुलाई की जा रही थी. इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है. इससे पूर्व पिछले 5 मई को कोवाली थाना क्षेत्र के रसुनचोपा मध्य विद्यालय के पास बिना चालान के बालू परिवहन करते तीन हाइवा जब्त किया गया था.

## नाबालिग युवती को भगाने के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



अंतर्कथा प्रतिनिधि

किरीबुरु : मेघाहातुबुरु की एक नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला हिलटॉप निवासी बादल दास (19 वर्ष) पिता भागीरथी दास को किरीबुरु पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया. युवक व नाबालिग युवती को पुलिस ने ओडिशा से एक साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई थी. यह मामला प्रेम प्रसंग व शादी की नीयत से भगाने से जुड़ा था. हालांकि लड़की नाबालिग है, जिस वजह से उसकी मां ने किरीबुरु थाना में शिकायत दर्ज करायी थी. युवती की चिकित्सीय जांच भी पुलिस करवा रही है.

## पशुपालन कर क्षेत्र के महिलाएं हो रही है सशक्त

अंतर्कथा प्रतिनिधि

डुमरी:डुमरी प्रखंड के 15 ग्रामों में एचडीएफसी बैंक परिवर्तन अंतर्गत संचालित परियोजना समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम (एचआरडीपी) के तहत जन जागरण केंद्र द्वारा ग्राम पथरिया निवासी पानमुनी देवी को परियोजना की ओर से चार बकरी दिया गया था। इसके पूर्व पानमुनी देवी ने बकरी पालन हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर ग्राम विकास समिति के बैठक में उपस्थित होकर योजना में अपना नाम बकरी पालन करने के लिए दर्ज करवाई थी।पानमुनी देवी को 1 बकरा और 3 बकरी दिया गया था।वर्तमान समय में पानमुनी देवी के पास 1 बकरा और 4 बकरी जीवित है।बकरियों ने



तीन बच्चों को जन्म दिया था जिसकी बिक्री कर प्रति बकरा 5000 रुपया की दर से 15000 रुपया मुनाफा प्राप्त की।इस तरह से पानमुनी देवी ने बकरी पालन कर खुद अपने दम पर एक नए व्यवसाय की शुरुआत की,आज पानमुनी देवी जिस लगन से पशुपालन कर अपनी जीविका और रहन सहन को सुधार रहीं है,उसे देखकर आस-पास के महिलाए भी पशुपालन करने की इच्छा जताई है।जन जागरण केंद्र ने अपने परियोजना क्षेत्र में अनेको महिलाओं को पशु पालन जैसे की बकरी पालन, सुकर पालन और मुर्गी पालन से जोड़ कर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है।इस कार्य से पानमुनी देवी बहुत प्रसन्न है पानमुनि का कहना हैं की जन जागरण केन्द्र और एचडीएफसी बैंक द्वारा संचालित परियोजना से हमारे जीवन में जो परिर्वतन आया है उसका श्रेय जन जागरण केन्द्र को जाता है।

## झारखंड 20 जून से एक्टिव होगा गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का पोर्टल, छात्रों को मिलेगा 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन




अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांची : मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का पोर्टल 20 जून से एक्टिव हो जाएगा। इस योजना के तहत विद्यार्थियों को 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन दिया जाएगा। ऐसे में इस योजना का ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी लाभ ले सकें, इसके लिए इसका प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें।

# खुद की फैक्ट्री में कर दिया था लेबर का मर्डर, 24 साल बाद क्राइम ब्रांच ने नालंदा से दबोचा

अंतर्कथा प्रतिनिधि

नई दिल्ली : दिल्ली पुलिस की नार्दन रेंज की क्राइम ब्रांच की टीम ने 24 साल से फरार एक वांटेड अपराधी को धर दबोचा है. उत्तम नगर के एक मर्डर मामले में फरार आरोपी पप्पू यादव (52) को मूल निवास बिहार के नालंदा जिले से उसके पैतृक गांव के पास के खेतों से पकड़ा गया है. उस पर अपने गांव एक साथी राम स्विरूप ऊर्फ मोदी यादव का मर्डर करने का मामला दर्ज था.जिसमें तीस हजारी कोर्ट ने उसको 26 मई 2000 को अपराधी घोषित कर दिया था.




इसके बाद से पुलिस टीम उसकी सरगर्मी से तलाश में जुटी थी. पुलिस से बचने के लिए वह एक से दूसरे शहर में ठिकाने बदलता रहा. सूरत, कोलकाता और पटना जैसे शहरों में वह नौकरी करके पुलिस की नजर से अपने को बचाता रहा.

क्राइम ब्रांच डीसीपी सतीश कुमार के मुताबिक हत्या का आरोपी पप्पू यादव साल 2000 से फरार चल रहा था. इसको एक गुप्ते सूचना के आधार पर अब क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टशर संजय कौशिक के नेतृत्वथ वाली टीम ने नालंदा, बिहार से गिरफ्तार कर लिया है. पप्पू यादव के खिलाफ 4 फरवरी 2000 में उत्तलम नगर पुलिस थाने में नालंदा, बिहार के चंदो यादव ने शिकायत दर्ज करवायी थी उसका भाई राम स्वउरूप ऊर्फ मोदी यादव (32) लापता है.

उसको आखिरी बार मंटू यादव, सकिन्दर यादव और विजय यादव के साथ दिल्ली के मटियाला में पप्पू यादव की फैक्ट्री में काम करते देखा गया था. शिकायकर्ता ने बताया था कि बाकी दूसरे मजदूर बिहार अपने घर लौट आए थे लेकिन राम स्वपरूप नहीं लौटा था. इस मामले में जब पप्पू यादव से पूछताछ की गई थी तो उसने दावा किया था कि राम स्वरूप ने कहीं और काम करने के लिए फैक्ट्री छोड़ दी थी. बाद में, राम स्वरूप का क्षत-विक्षत शव पप्पू यादव की फैक्ट्री में प्लास्टिक की थैलियों में मिला था. इसके बाद उत्तम नगर थाना पुलिस ने आईपीसी की अलग-अलग धाराओं 302/201/34 में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी.

जांच के दौरान इस मामले में आरोपी मंटू यादव और विजय यादव को भी गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन पप्पू यादव और सकिन्दर यादव पहले ही 26 मई 2000 को फरार हो गये थे जसके बाद कोर्ट ने उनको फरार घोषित कर दिया.

## मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में पेपर लीक के मामले को लेकर कांग्रेस उठाएगी संसद में

▶ BJP को घेरने की तैयारी में कांग्रेस

अंतर्कथा प्रतिनिधि

नई दिल्ली। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में पेपर लीक के मामले को लेकर कांग्रेस ने सरकार की तीखी आलोचना की है। पार्टी ने कहा कि इस मामले को लेकर देश में जो गुस्सा है उसकी गूंज संसद में भी सुनाई देगी। साथ ही कांग्रेस ने नीट परीक्षा मुद्दे की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की अपनी मांग दोहराई।कांग्रेस ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) के महानिदेशक को हटाने की भी मांग की है।



पार्टी ने दावा किया है कि नीट परीक्षा की जांच के लिए चल रही मांग के प्रति भाजपा सरकार का रवैया गैरजिम्मेदाराना और असंवेदनशील है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को कहा कि पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने पेपर लीक और धांधली के जरिए करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "नीट परीक्षा में ग्रेस मार्क्स ही एकमात्र समस्या नहीं थी। इसमें धांधली हुई है, पेपर लीक हुए हैं, भ्रष्टाचार हुआ है। मोदी सरकार के कामों की वजह से नीट परीक्षा में शामिल होने वाले 24 लाख छात्रों का भविष्य दांव पर है।" उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र और कोचिंग सेंटर का गठजोड़ बन गया है, जहां "पैसे दो, पेपर पाओ" का खेल चल रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "मोदी सरकार अपने कामों की जिम्मेदारी एनटीए के कंधों पर डालकर अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। पूरे नीट घोटाले में कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक निष्पक्ष जांच की मांग करती है।"

## कोचिंग से लौट रहे छात्र की गोली मारकर हत्या

सीवान: कोचिंग से लौट रहे छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई. मृतक छात्र दुरौंधा थाना क्षेत्र के रुकुंदीपुर पंचायत के भरोसा कुंवर टोला के निवासी सुधीर सिंह का पुत्र भानु कुमार सिंह है. बताया जाता है कि वह महाराजगंज में कोचिंग पढ़ने आया था. कोचिंग पढ़कर अपने घर जा रहा था कि कुछ अपराधियों ने छात्र की गोली मार कर हत्या कर दी. घटना के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई. घटना से गुसाए लोगों ने राजेंद्र चौक पर प्रदर्शन कर हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की. घटना के विरोध में इलाके का बाजार भी बंद करा दिया गया. लेकिन अभी तक इस बात का पता नहीं चल सका है कि किस वजह से छात्र की हत्या की गई. वहीं पुलिस आरोपियों तलाश में छापेमारी कर रही है, ताकि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी हो सके.

## यात्रा करने से पहले इन ट्रेनों के नंबर में किये गए बदलाव की रख लें जानकारी

| क्र.सं. | ट्रेन सं. | पुरानी ट्रेन सं. | कहाँ से | कहाँ तक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 03311 / 03312 | 53611 / 53612 | बरवाडीह | डेहरी ऑन सोन |
| 2. | 03323 / 03324 | 53323 / 53324 | सिन्द्री टाउन | धनबाद |
| 3. | 03327 / 03328 | 53327 / 53328 | सिन्द्री टाउन | गोमो |
| 4. | 03341 / 03342 | 53357 / 53358 | बरकाकाना | डेहरी ऑन सोन |
| 5. | 03343 / 03344 | 53343 / 53344 | चोपन | गोमो |
| 6. | 03361 / 03362 | 53347 / 53348 | बरवाडीह | गोमो |
| 7. | 03363 / 03364 | 53349 / 53350 | डेहरी ऑन सोन | बरवाडीह |
| 8. | 03369 / 03370 | 53369 / 53370 | मधुपुर | कोडरमा |
| 9. | 03371 / 03372 | 53371 / 53372 | कोडरमा | बरकाकाना |
| 10. | 03637 / 03638 | 53375 / 53376 | बरकाकाना | सिधवार |
| 11. | 03601 / 03602 | 53333 / 53334 | सिन्द्री टाउन | धनबाद |
| 12. | 03605 / 03606 | 53365 / 53366 | महेशमुण्डा | कोडरमा |
| 13. | 03607 / 03608 | 53373 / 53374 | कोडरमा | बरकाकाना |
| 14. | 03331 / 03332 | 53339 / 53340 | चन्द्रपुरा | धनबाद |

अंतर्कथा प्रतिनिधि

नई दिल्ली : ट्रेन में सफर करने वाले यात्रिगण कृप्या यात्रा करने से पहले ट्रेनों के नंबर में किये गए बदलाव को ध्यान से पढ़ कर जानकारी लें लें। बता दें कि रेलवे ने कुछ ट्रेनों के नंबर में बदलाव किया है। इसके तहत रेलवे ने अधिसूचना भी जारी कर सूचित किया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 1.07.24 से नीचे दिए गए विभिन्न ट्रेनों के नंबर में कोविड पीरियड के पहले चलने वाली नियमित ट्रेनों के अनुसार पुनः परिवर्तन किया गया है।

## काली बस्ती में आतंक फैलाने वालों पर अभिलंब कड़ी कार्रवाई करें प्रशासन : अनुपमा

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : दिनांक 12 जून को गोधर स्थित काली बस्ती में जिस प्रकार से गायत्री कुमारी के परिजनो के साथ खुलेआम लाठी डंडे इट पत्थर के साथ जानलेवा हमला मारपीट धमकी एवं भयादोहन का प्रयास किया गया है यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चुनाव जीतते ही ढुल्लू महतो के समर्थको के मनोबल साहस इतना बढ़ गया है, की खुलेआम आतंक का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है



,मैं अभी 2 दिनों से रांची में समीक्षा बैठक में आई हुई हूं, दूरभाष से मैंने उपयुक्त धनबाद एवं वरीय आरक्षी अधीक्षक को अविलंब दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है.







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक विनोद आनंद (विनोद कुमार मंडल) के लिए सहयोग प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, रतनपुर, पो-गोविन्दपुर, जिला - धनबाद, झारखंड, पिन- 828109 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक-'विनोद आनंद, कार्यालय-रतनपुर, पो गोविन्दपुर, जिला-धनबाद, झारखंड - 828109, (पी आर बी के तहत खबर चयन के लिए जिम्मेवार), आरएनआई पंजीयन संख्या 68458/98